an>

Title: Need to launch a special drive for recruitment of youth of Jammu and Kashmir in Defence and para-military forces of the country.

**श्री जुगल किशोर (जम्मू)** ः मैं सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य की ओर दिलाना चाहता हूं। वह स्थान जहां भारत-पाकिस्तान की सीमा है। वहां रोजाना गोलाबारी की वजह से सीमा पर रहने वाले भारतीयों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में लोगों और पशुओं की जान चली जाती है जिसकी वजह से वहां के लोगों को बार-बार पलायन करना पड़ता है। इसका एक बुरा प्रभाव सीधा उनके बच्चों की शिक्षा पर पड़ता है। इसकी वजह से सीमा के भारतीय किसानों की जमीन और फसल दोनें खराब हो जाती है।

इसके बावजूद भी इन लोगों में देशभक्ति का जज्बा कम नहीं होता। बिना किसी हथियार के ये लोग भारतीय सेना के साथ सीमा की सुरक्षा में तत्पर रहते हैं।

मैं गृह मंत्रालय एवं सरकार से कहना चाहता हें कि सीमा पर रहने वाले भारतीयों के लिए विशेष तौर पर भर्ती योजना के तहत वहां के नौजवानों को हमारी भारतीय सेना/अर्द्धसैनिक बलों में भर्ती किया जाये ताकि इन लोगों को स्थायी रोज़गार प्राप्त हो सके जिससे कि ये लोग अपने परिवारों का भरण-पोषण कर सकें। इनका देशभक्ति का जज्बा बरकरार रहे और हौसले और बुलंद हो सकें।